जब से खाटू आया बेड़ा पार हो गया

जब से खाटू आया बेड़ा पार हो गया,
इस खाटू वाले से मुझको तो प्यार हो गया.....

जब से में खाटू आया श्याम ने गले लगाया,
देख के मोहिनी मूरत ये मेरा दिल भर आया,
हो खाटू आके मेरा तो उद्धार हो गया,
इस खाटू वाले से मुझको तो प्यार हो गया......

तू है हारे का सहारा देवो में देव है न्यारा,
खाटू है नगरी तेरी जिसमे में मन्दिर बड़ा प्यारा,
हो श्याम मेरा तो लीले का असवार हो गया,
इस खाटू वाले से मुझको तो प्यार हो गया......

तीन है बाण निशानी जय हो तेरी शीश के दानी,
तू सबकी झोलीया भरता ना कोई तुझ सा दानी,
हो श्याम मेरा खाटू में लखदातार हो गया,
इस खाटू वाले से मुझको तो प्यार हो गया......

छवि है तेरी प्यारी मुख पे जाऊ बलिहारी,
देखी जब से तेरी सूरत में भुला दुनिया सारी,
हो सिंगला पे बाबा तेरा उपकार हो गया,
इस खाटू वाले से मुझको तो प्यार हो गया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30199/title/jab-se-khatu-aaya-beda-paar-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |